# मोनालिसा की सुरक्षा को लेकर जनप्रतिनिधियों ने उठाये सवाल

## भाजपा जिलाध्यक्ष, महेश्वर विधायक मेव, बड़वाह विधायक बिरला ने एसपी से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कुंभ मेले में माला बेचते हुए वायरल हुई मप्र के महेश्वर की मोनालिसा के केरल निवासी फरमान खान से शादी के बाद पूरा परिवार सकते में है। वहीं यह विवाह विवादों के साथ ही युवती की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर रहा है। परिवार के बेटी को बरगला कर विवाह करने एवं चोरी छिपे विदेश भेजने की चल रही शिकायत के बाद अब जनप्रतिनिधि भी चिंतित नजर आ रहे है। गुरुवार को महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे ने एसपी रविन्द्र वर्मा से मुलाकात की। विधायक द्वय एवं जिलाध्यक्ष ने मोनालिसा के परिवार की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच तेज करने की मांग की। विधायक मेव ने कहा परिवार के अनुसार मोनालिसा नाबालिक है। फरमान उसे फिल्मों में काम देने का लालच देकर केरल ले गया। वहां उसे डरा धमकाकर शादी की। बगैर परिवार की सहमति ओर नाबालिक से विवाह करना गैर कानूनी है। विधायक मेव ने एसपी से कहा कि मेरी विधानसभा की गरीब परिवार की बेटी है। परिवार चिंतित है। मोनालिसा को परिवार से मिलवाया जाए। विधायक मेव, विधायक बिरला एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि यह सारा घटनाक्रम लव जिहाद जैसे देश विरोधी गतिविधि से जुड़ा नजर आ रहा है। विधायक मेव एवं बिरला ने कहा कि मोनालिसा को सीरिया भेजे जाने की तैयारी की जानकारी लगातार सामने आ रही है। ऐसी स्थिति में उसका पासपोर्ट तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाय। जनप्रति निधियों ने बताया मोनालिसा के पासपोर्ट बनवाने में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल की आशंका है, जिसकी जांच जरूरी है।

इस तरह फर्जी दस्तावेज से पासपोर्ट बनवाने में मदद करने वाले लोगों को भी चिन्हित किया जाय, जिससे देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों की पहचान हो सके।



### विधायक ने कहा -हम किसी दूसरे धर्म मे शादी के खिलाफ नही

शादी से पहले न तो फरमान ने धर्म परिवर्तन किया, न ही मोनालिसा ने। ऐसी स्थिति में यह शादी मान्य नहीं होती। साथ ही गैर हिन्दू व्यक्ति के मंदिर में शादी करना हिन्दू धर्म का अपमान है। इस शादी में शामिल लोगों और शादी की अनुमति देने वालो को भी दोषी बनाया जाए। जनप्रतिनिधियों ने मामले में तेजी से जांच करने की मांग की है। एसपी ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वह मामले में जांच कर रहे है, पुख्ता दस्तावेज एवं जानकारी जुटाने के बाद कानूनी कार्रवाई करेंगे। जनप्रतिनिधियों के साथ पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, महामंत्री विवेक भटोरे, मंत्री हरिसिह चावड़ा, मंत्री प्रकाश पाटीदार, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### युवा उद्यमी रितिक अग्रवाल को मातृ शोक

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर के वरिष्ठ उद्यमी और भाजपा नेता नवीन कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी एवं युवा उद्यमी रितिक अग्रवाल की माताजी श्रीमति सुनीता अग्रवाल का बुधवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से नगर मे शोक की लहर फ़ैल गई।गुरुवार सुबह 9 बजे शव यात्रा मंडलेश्वर के अग्रवाल निवास से निकली जिसमे बड़ी संख्या मे गणमान्य शामिल हुए। अंतिम संस्कार नर्मदा तट मुक्तिधाम पर किया गया। जहाँ मुखाग्नि रितिक अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर गणमान्य लोगो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।अग्रवाल समाज अध्यक्ष पवन अग्रवाल विधायक राजकुमार मेव मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार, रत्नदीप मोयदे,सतीश चन्द्र मोयदे, अखिलेश पाटीदार,संजय पाटीदार, पुरुषोत्तम सिंह पवार, राजीव काले, अनमोल सिंह भाटिया, मुस्ताक पठान, मूर्तज़ा बावहीर, दुर्गेश राजदीप,जोजू मुरियडन राबर्ट डेनियल राजेन्द्र जोशी सहित गणमान्य लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### राहगीरों को तिलक लगाकर किया नववर्ष का अभिनंदन, महाराष्ट्रीयन परिवारों ने बांधी गुड़ी



**खरगोन, निप्र।** चैत्र नवरात्र, हिंदू नववर्ष के साथ ही चैटीचंड पर गुरुवार को शहर में धार्मिक, भक्ति और सामाजिक उल्लास छाया रहा। सनातनी धर्मावलंबियों ने चैत्र प्रतिपदा याने विक्रम संवत्सर 2083 हिन्दू नववर्ष का उमंग-उत्साह से स्वागत किया। इसी दिन से शक्ति की आराधना, उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र भी शुरु हो गया। चैत्र नवरात्रि के पर्व पर गायत्री परिवार ने भी विश्व कल्याणार्थ नौ दिवसीय सामूहिक गायत्री अनुष्ठान किया। महाराष्ट्रीयन परिवारों में गुडीपड़वा पर्व की धूम रही। नववर्ष पर सरस्वती विद्या मंदिर सहित मप्र शिक्षक संघ के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के साथ प्रमुख चौक-चौराहो पर राहगिरों को तिलक कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### जनसाहस संस्था ने महिलाओं, युवतियों को बताए कानूनी अधिकार



**खरगोन, निप्र।** जनसाहस संस्था ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया। जनसाहस के जिला समन्वयक इरफान खान ने बताया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम बिलखेड, सुखपुरी, कुम्हारखेड़ा, दामखेडा, चारणफाल्या में अलग- अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में 150 से अधिक महिलाओं नेभागीदारी की। सम्मान समारोह में महिलाओं को घरेलू हिंसा, प्रतिकर राशि सहित पाक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा के लिए कई कानून बने है। इनका सही इस्तेमाल कर महिलाएं खुद को सुरक्षित रख सकती है। किसी भी तरह के अपराध में मौन न रहें। पुलिस अथवा जनसाहस संस्था के हेल्पलाईन नंबर पर संपर्क कर सकती है। कार्यक्रम में जिला प्रिवेंशनिस्ट पिंकी चौहान, कल्पना पंवार, आयुषी राठौर ने महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पानी की बोटल उपहार स्वरुप भेंट की गई। बिलखेड़ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योती पंडित, रितु यादव एवं कुम्हारखेडा में सुधा शर्मा, सुखपुरी की संगीता एवं जन साहस संस्था की शीतल पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

### मंडी प्रशासन ने गुड़ी पड़वा पर किसानों और व्यापारियों का किया स्वागत

**खरगोन, निप्र।** हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर मंडी बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए, बड़वाह मंडी प्रशासन ने एक अनूठी पहल की। सामान्यत: अवकाश का दिन होने के बावजूद, किसानों की सुविधा और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए मंडी में नीलामी कार्य निरंतर जारी रखा गया। मंडी की स्थापना के बाद यह पहला अवसर था जब गुड़ी पड़वा के पर्व पर किसानों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। उत्सव के इस माहौल में मंडी के भारसाधक अधिकारी सत्यनारायण दर्रो एवं मंडी सचिव योगेश बर्वे ने स्वयं नीलामी स्थल पर उपस्थित होकर नए वर्ष के उपलक्ष्य में किसानों और व्यापारियों का अभिनंदन किया। नीलामी की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही, जहाँ ग्राम ओखला के प्रथम कृषक श्री बब्लू रतन का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उनकी गेहूं की फसल की पहली बोली 2626 रुपये प्रति क्विंटल के उच्चतम दर पर लगी, जिसे श्री गोविंद ट्रेडर्स द्वारा क्रय किया गया। मंडी परिसर में केवल व्यापार ही नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द का दृश्य भी देखने को मिला। व्यापारियों के सक्रिय जनसहयोग से 'नुक्ती प्रसादी' का वितरण किया गया। मंडी में अपनी उपज बेचने आए किसानों, व्यापारियों, तुलावटियों और हम्मालों सहित उपस्थित जनसमूह को दोने में प्रसादी बांटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इस सफल आयोजन में मंडी कर्मचारियों और तुलावटियों का विशेष सहयोग रहा। नीलामी के दौरान क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रांगण प्रभारी श्री गोपाल चौहान ने नीलामी प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई और क्षेत्र के किसानों से अपील की कि वे अपनी कृषि उपज को मंडी प्रांगण में ही लाकर विक्रय करें ताकि उन्हें सही मूल्य और सुरक्षा प्राप्त हो सके।



### विधिक सहायता शिविर में बंदियों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**खरगोन, निप्र।** जिला सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राजकुमार यादव ने टेमला रोड़ स्थित जिला जेल का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान जिला जेल उप अधीक्षक श्रीमती सुभद्रा ठाकुर, लीगल एड डिफेंस से संजय त्रिपाठी, विनोद भालसे, पैरालीगल वालेंटियर मुर्शरफ खान, राजेश राठौड व जेल कर्मचारी उपस्थित रहे। जेल में निरूद्ध बंदीगण के रहन-सहन, खान-पान, स्वास्थ्य, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी ली। शिविर के दौरान बंदियों को नशे से दूर रहने तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उत्सुकतावश या अपने जीवन से हारकर लोग नशा करना चालू करते है और वो इस दलदल में बहुत बुरे फंसते जा रहे है। सारे अपराध की जड़ नशा है। जमानत एवं अपील, नि:शुल्क विधिक सहायता अधिवक्ता योजना से बारे में बताया गया। बंदियों द्वारा उनके प्रकरण संबंधी समस्या के बारे में पूछे जाने उन्हें उचित सलाह दी। सुश्री शाईजा शेख डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल ने गरीब बंदी आर्थिक सहायता योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल योजना की जानकारी दी।

## गुड़ी पड़वा पर रणजीत हनुमान मंदिर में शिखर पर चढ़ाया कलश

**महेश्वर, निप्र।** नगर के रणजीत हनुमान मंदिर मैं दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के बाद गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर कार्यक्रम संयोजक गजराज यादव ने परिवार सहित मंदिर में शुभ मुहूर्त के चलते कलश का पूजन किया।पंडित शुभम जोशी एवं अन्य विद्वान ब्राह्मणों की उपस्थिति में भगवान का अभिषेक पूजन करने के बाद कलश का भी अभिषेक किया गया इसके पश्चात मंदिर पर कलश चढ़ाया गया। कलश के साथ ही मंदिर पर धर्म ध्वज भी स्थापित की गई। दो दिवसीय रणजीत हनुमान मंदिर पर हुआ धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम एक यादगार बन गया अयोध्या और काशी से आए संत महंतों ने बताया कि संपूर्ण भारत देश में नगर महेश्वर के कार्यक्रम में सकल हिन्दू समाज की एकरूपता ने समरसता का परिचय देकर पूरे देश में नाम किया है। गुरुवार को गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर मंदिर के कलश स्थापना और धर्म ध्वजा लगाने के दौरान कवि नरेंद्र श्रीवास्तव, पंडित रोहित जोशी, अनिल अग्रवाल, संतोष सोलंकी, विशाल गीते ने परिवार सहित भगवान का पूजन किया। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने दी सेवा। बुधवार को भवानी माता मंदिर से नगर के बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर तक निकाली शोभायात्रा के पीछे नगर परिषद सीएमओ प्रियंक पंडया के निर्देश पर नगर परिषद के सफाई कर्मी भी सफाई अभियान के क्रम को जारी रखते हुए नगर के मुख्य मार्ग पर साफ सफाई भी करते चल रहे थे इसके बाद दोपहर 3:00 बजे से शुरू हुए भंडारे महाप्रसादी का कार्यक्रम रात्रि 11:30 तक चलता रहा जिसमें 22000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद भी नप की टीम ने सफाई व्यवस्था कर मन्दिर क्षेत्र को स्वच्छ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।भोजन भंडारे में नगर के सुरेश अग्रवाल गोपाल महंत महादेव पाटीदार आनंद सोलंकी प्रफुल्ल चौरे मुकेश मालावंत प्रशांत श्रीमाली दिलीप चौहान के अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने भोजन निर्माण सेवा में अपना सहयोग दिया। वहीं भंडारे महाप्रसादी वितरण में मा आशापुर मंदिर समिति, नर्मदे हर ग्रुप, किशोरसिंह ठाकुर ग्राम चोली, विहिप बजरंग दल, सोनू यादव मित्र मंडल, ग्राम ईटावदी के महादेव पाटीदार टीम के साथ एवम नगर के विभिन्न समाजों के 1000 से अधिक महिला पुरुषों ने जनसेवा कर भंडारे के भोजन प्रसादी वितरण में सेवा दी।



## अत्रे बने अभा नार्मदीय ब्राह्मण समाज युवा महासभा महामंत्री



**खरगोन, निप्र।** ब्राह्मण समाज के सक्रिय युवा समाजसेवी अभिलाष अत्रे को अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज युवा महासभा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के अध्यक्ष राजेश बड़ोले की सहमति से युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एडव्होकेट प्रबल भार्गव ने संगठन को विस्तार देते हुए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए की है। अपनी नियुक्ति पर श्री अत्रे ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन की मंशा अनुसार संगठन को नई दिशा, नवीन ऊर्जा और सुदृढ़ संकल्प के साथ युवा शक्ति को एकजुट कर समाजहित में काम करने का प्रयास करेंगे। अत्रे की नियुक्ति पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## भक्तों को श्रीकृष्ण की बाल लीला, श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन सुनाया



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह समीपस्थ ग्राम पंचायत बामनपुरी अपना हॉस्पिटल हरिराम बलिराम शाह परिवार के द्वारा 14 मार्च से 20 मार्च तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन निज निवास ग्राम बामनपुरी में श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक पंडित दीपक बर्वे ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन सुनाया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। पंडित दीपक बर्वे ने पूतना वध, माखन चोरी और मातृ प्रेम से ओतप्रोत प्रसंगों के माध्यम से बताया कि सच्चा धनवान वही है जो तन, मन और धन से सेवा एवं भक्ति करता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति केवल सच्चे प्रेम से ही संभव है।भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए कथा वाचक पंडित दीपक बर्वे ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रूकमणि के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक, नहीं तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणि के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब तब जीव में अभिमान रहता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है।

## जुआ खेलते 8 गिरफ्तार, नकदी के साथ 5 बाईक सहित 8 मोबाइल जब्त



**खरगोन, निप्र।** नदी किनारे रुपए-पैसे से ताश पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में 5 बाईक, 8 मोबाइल फोन सहित 89 हजार 600 रुपए की राशि जब्त की गई है। बैडिया थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर मेहगांव नदी के किनारे दबिश दी गई। यहां घेराबंदी कर राकेश पिता तुकाराम वर्मा निवासी राहडकोट, भुपेन्द्र पिता प्यारेलाल डोंगरे डुडगांव, राहुल पिता राधेश्याम वर्मा निवासी भुलगांव, महेन्द्र पिता कमलचन्द नामदेव निवासी बैडिया, कपिल पिता किशन खोदरीया निवासी खंगवाडा थाना सनावद, गौरीशंकर पिता मांगीलाल बिरला निवासी कानापुर, कमलचन्द पिता रामलाल बिरला निवासी कानापुर सहित प्रवीण पिता शिवशंकर यादव निवासी खंगवाडा थाना सनावद को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान कालु पिता रेवाराम निवासी डुडगांव मौके से फरार हो गया। आरोपियों से 4 लाख 19 हजार 600 रुपये का मश्रुका जब्त किया गया है।

## बोहरा समाज ने मनाया ईद उल फितर का त्यौहार

**खरगोन, निप्र।** बोहरा समाज ने ने ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया। रमजान के 30 दिनो की इबादत के ईद की खुशी समाजजनों के चेहरे पर देखते ही बन रही। इत्र की खुशबु, सेवईयो की महक वातावरण में मिठास घुलती रही। बच्चों में विशेष उत्साह नजर आया। नये रंग बिरंगे कपड़े, ईद की ईदी में खुशी का ठिकाना नही था। समाज आमिल साहब जनाब शेख अली हुसैन खेडीवाला ने ईद का खुत्बा सुबह 6.50 पर बोहरा बाखल स्थित सैफी मसजिद में पढ़ाया। नमाज में धर्मगुरू आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की लम्बी उम्र व सेहत के साथ देश में अमन- चैन के लिए दुआ की। मांगरूल रोड स्थित ताहेरी हाल में मुल्ला हातिम भाई सीमंटवाला व हकिमी मसजिद में जनाब मुस्तफा भाई साहब ने ईद का खुत्बा पढ़ाया। नमाज के दौरान खुशी की मजलिस हुई। जिसमें आमिल साहब ने 15 समाजजनों को उच्च समाज सेवाओ के लिए सर्टीफिकेट देकर प्रोत्साहित किया। मजलिस के दौरान समाजजनों ने आमिल साहब को हाथ चूमकर ईद की मुबारकबादी पेश की। इसके बाद एक-दुसरे को लगे लगकर, हाथ मिलाकर मुबारकबादी दी। अंत में जमात द्वारा शीरखुरमा पिलाया गया।





**मुस्लिम समाज ने भी की ईद की तैयारी :-** कड़ी पाबंदियों के साथ एक माह की रोजेदारी का इनाम मिलने का वक्त अब आ गया है। ईद उलफितर मनाने को बेताब मुस्लिम परिवार को चांद के दीदार का इंतजार हैं। गुरुवार रात चांद नजर आ जाता है, तो शुक्रवार को ईद की खुशी चारों ओर बिखरी नजर आएंगी। समाज सदर आसिफ प्रिंस, पूर्व सदर अलताफ आजाद ने बताया दीनी पाबंदियों के साथ रोजेदारी व इबादत में लगे मुस्लिम परिवार ईद मनाने को तैयार हैं। ईद की तैयारी पूरी की जा चुकी है। शहर की प्रमुख मस्जिदों में भी साफ- सफाई के साथ ही रंगरोगन को अंतिम रुप दे दिया गया है।

## एक नजर में — खरगोन में हर्षोल्लास के साथ मना भारतीय नववर्ष

# सूर्योपासना और महानाट्य से जीवंत हुआ विक्रमादित्य का शौर्य

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् 2083 के शुभारंभ अवसर पर आज पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में कोटी सूर्योपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 'सृष्टि आरंभ दिवस', 'वर्ष प्रतिपदा' तथा 'विक्रम सम्वत् 2083' के शुभारंभ के पावन अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार के विज़न 'भारत वर्ष के नव जागरण और विकास की सतत यात्रा' को समर्पित था।

**'सम्राट विक्रमादित्य' के नाट्य मंचन ने जीता दिल:-** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सम्राट विक्रमादित्य' के जीवन और न्यायप्रिय शासन पर केंद्रित एक भव्य महानाट्य का मंचन रहा। यह प्रस्तुति 'केशव लीला एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, उज्जैन' के कलाकारों द्वारा दी गई। नाटक में सम्राट विक्रमादित्य की वीरता, ज्ञान और लोक-कल्याणकारी विज़न को जीवंत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस 'आदर्श नाट्य प्रस्तुति' ने भारतीय संस्कृति और इतिहास की गौरवशाली गाथा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।





**युवाओं को मिली गौरवशाली इतिहास की जानकारी:-** नई पीढ़ी को भारतीय काल-गणना और सांस्कृतिक महत्व से जोड़ने के लिए कार्यक्रम के दौरान 'भारत का नववर्ष विक्रम सम्वत' पुस्तिका का वितरण किया गया।

**सम्राट विक्रमादित्य का काल था भारत का स्वर्ण युग: श्री पाटीदार:-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने संबोधित करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा, 'आज का दिन हमारे लिए गर्व का विषय है क्योंकि हम उस महान सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जुड़े विक्रम सम्वत् का शुभारंभ मना रहे हैं, जिनके काल को भारत का स्वर्ण युग कहा जाता था।' उन्होंने महाकवि कालिदास की रचनाओं और उस समय के उन्नत विज्ञान व भूगोल का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे प्राचीन भारत ज्ञान और शक्ति के क्षेत्र में दुनिया का 'विश्वविद्यालय' था। विधायक श्री पाटीदार ने अपने संबोधन में कहा कि मुगलों और अंग्रेजों की लगभग 875 वर्षों की गुलामी के दौरान हमने अपना बहुत कुछ खो दिया, लेकिन आज आजादी के अमृत काल में भारत पुन: विश्व पटल पर सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान में भारत की आर्थिक विकास दर दुनिया में सर्वाधिक है और देश रक्षा व कृषि जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनकर दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। विधायक पाटीदार ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि आने वाले 25 वर्षों में हमें भारत को एक समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा, 'जैसे सूर्य पूरे संसार को प्रकाशित करता है, वैसे ही भारत का ज्ञान और प्रकाश पूरी दुनिया में फैले, यही हमारा संकल्प होना चाहिए।' संबोधन के अंत में उन्होंने 'भारत माता' और 'नर्मदा मैया' के जयघोष के साथ क्षेत्र की समृद्धि की कामना की।